# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश (भारत)

# SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh (IND)

Ref. No. 891/Reg.office/SUK/2026 Date 14.09.26

**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के सम्बोधि केन्द्रीय ग्रन्थालय में मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति हेतु पैनल**

सम्बोधि केंद्रीय ग्रन्थालय में 03 वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 (तीन वर्ष) के लिए मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं के रूप में शामिल होने के लिए प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/ वितरकों/विक्रेताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियम और शर्तों की प्रति के साथ निर्धारित आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://www.suksn.edu.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है।

इच्छुक पुस्तक प्रकाशक/विक्रेता/आपूर्ति कर्ता/वितरक इस दस्तावेज में दिए गए निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों की एक प्रति के साथ स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या कार्यालय में जमा कर सकते हैं। लिफाफे पर "मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए विक्रेताओं के पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन" अंकित होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन पत्र दिनांक–30/09/2026 को सायं 5.00 बजे तक जमा किया जायेगा, निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

14/09/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थ नगर।
14.09.26

**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय**
कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश (भारत)
**SIDDHARTH UNIVERSITY**
Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh (IND)

## पैनल में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंड

**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय वित्तीय वर्ष 2026–2027 से 2028–2029 (तीन वर्ष) के लिए संबोधि केंद्रीय ग्रन्थालय में मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेता के रूप में पैनलबद्ध होने के लिए प्रतिष्ठित प्रकाशकों/वितरकों/विक्रेताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है और नीचे उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के बाद इसे और अधिक वर्ष के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।**

- निविदाकर्ता को फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स एसोसिएशन इन इंडिया (एफपीबीएआई)/दिल्ली स्टेट बुकसेलर्स एंड पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएसबीपीए)/अन्य राज्य/राष्ट्रीय बुकसेलर्स और पब्लिशर्स एसोसिएशन फेडरेशन का सदस्य होना चाहिए। प्रस्ताव के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जानी चाहिए।
- निविदाकर्ता के आयकर स्थायी खाता क्रमांक (PAN) की छाया प्रति संलग्न करें।
- **वितरकों/विक्रेताओं को प्रस्ताव के साथ वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आयात/निर्यात कोड (आईईसी) प्रमाणपत्र का लाइसेंस प्राप्त वितरक/विक्रेता को वरीयता दी जायेगी।**
- निविदाकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी दस केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय (कोई भी चिकित्सा/तकनीकी/कृषि/प्रबंधन विश्वविद्यालय/संस्थान) में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो तथा इनके आदेश एवं संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
- विश्वविद्यालय द्वारा चयनित फर्म को किसी प्रकार का किराया देय नहीं होगा। आपूर्ति विश्वविद्यालय में निश्चित विभाग में करना होगा।
- निविदाकर्ता का औसत टर्नओवर पिछले तीनों वित्तीय वर्षों में कम से कम तीन करोड़ रूपये का रहा हो पिछले तीनों वित्तीय वर्षों का चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी.ए.) द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र एवं ऑडिटेड बैलेन्स शीट संलग्न करें।
- निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष में किसी भी एक वित्तीय वर्ष में केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अन्तर्गत कम से कम रु0 25 लाख मूल्य की मुद्रित पुस्तकों (Print Books) को आपूर्ति करने का अनुभव रहा हो। उक्त वर्ष के एकल आदेश की प्रति एवं उसके संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें।
- आयकर के पिछले तीन आंकलन वर्ष का प्रमाण पत्र/विवरण की छाया प्रति संलग्न करें।
- निविदाकर्ता को प्रकाशकों का वितरक/डीलर/स्टॉकएस्ट/कार्यकारी होना चाहिए। प्रकाशकों द्वारा जारी प्राधिकार पत्र संलग्न किया जाना चाहिए।
- विषय शिक्षकों द्वारा अनुशंसित सूची आपूर्ति की जायेगी अन्यथा की स्थिति में भुगतान नहीं होगा।

14.09.26

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश (भारत)
SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh (IND)

- निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 11,000 + जी.एस.टी होगा, जो कि वापसी योग्य नहीं होगा, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट जो **वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश** के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना होगा।
- सुरक्षानिधि रु0 3,00,000/– (रुपये तीन लाख मात्र) है, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट जो **वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश** के पक्ष में देय हो, द्वारा भी जमा करना है जो मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के संतोषजनक समापन और समाप्ति के बाद वापस कर दिया जाएगा। यदि चयनित आपूर्तिकर्ता आदेशित की गई मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति संतोषजनक ढंग से करने में विफल रहता है तो सुरक्षानिधि राशि जब्त कर ली जाएगी। अयोग्य बोलियों की सुरक्षानिधि राशि वापस कर दी जाएगी। सुरक्षानिधि राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।
- आपूर्ति की गयी पुस्तकों की बाइंडिग व पेपर उत्तम स्तर का होना चाहिए अन्यथा की दशा में वापस की जा सकती है।
- यदि उपलब्ध हो तो पुस्तक का भारतीय/पेपरबैक संस्करण उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
- आपूर्ति की गई पुस्तकें बिना किसी दोष/क्षतिग्रस्त के नयी और अच्छी स्थिति में होनी चाहिए।
- यदि कीमत पुस्तक पर मुद्रित नहीं है, तो मूल्य प्रमाण के रूप में एक वैध प्रकाशक की ऑफलाइन /ऑनलाइन कैटलॉग या वेबसाइट या प्रकाशक/वितरक चालान को बिल के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है।
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर आपूर्ति/आदेश पूर्ण करना होगा।
- न्यूनतम छूट दर पेपर बैक पुस्तकों के लिए 25 प्रतिशत, हार्ड बाउंड पुस्तकों के लिए 28 प्रतिशत और विश्वकोश/संदर्भ पुस्तकों (हैंडबुक, निर्देशिका, इयरबुक, शब्दकोश और इसी तरह) के लिए 30 प्रतिशत होगी, अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों की पुस्तकों पर छूट 22 प्रतिशत और सरकारी/एनजीओ/संस्थान/सोसायटी की मुद्रित पुस्तकें जो कि '0' (शून्य) प्रतिशत छूट के साथ निर्धारित करने की संस्तुति की गई।
- आदेश/आपूर्ति प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- पुस्तकों के नवीनतम संस्करण की ही आपूर्ति की जाएगी, अन्यथा की दशा में पुस्तकों को वापस कर दिया जायेगा।
- विदेशी प्रकाशन के मामले में, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रूपांतरण दर रसीद (Bill) की तारीख से लागू होगी।

14.03.26

- बिल की मूल प्रति की तीन प्रतियां सम्बोधि केन्द्रीय ग्रन्थालय के नमूने के अनुसार विषयवार अलग--अलग देना/प्रस्तुत करना होगा।
- निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र रु. 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय।
- विश्वविद्यालय सभी योग्य बोलीदाताओं को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। योग्य बोलीदाताओं की स्वीकृति उसके चयन मानदंडों पर विश्वविद्यालय पर निर्भर करती है। मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए विक्रेता के चयन से संबंधित किसी भी विवाद पर विश्वविद्यालय के कुलपति का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- विक्रेताओं के बीच ऑर्डर वितरित करना पूरी तरह से विश्वविद्यालय का विवेकाधिकार होगा, एक विक्रेता को कम या अधिक मूल्य का ऑर्डर या कोई ऑर्डर नहीं मिल सकता है। अधिक मूल्य या कम मूल्य के ऑर्डर प्राप्त करने के लिए किसी भी विक्रेता के किसी भी दावे पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

14.09.26

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश (भारत)

# SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh (IND)

---

**पुस्तक विक्रेताओं के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र**

सेवा में,

**कुलसचिव**
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर
उत्तर प्रदेश– 272202

महोदय,

आपके विश्वविद्यालय में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की आपूर्ति के लिए विक्रेताओं के पंजीकरण और पैनलीकरण के लिए आपके विज्ञापन के जवाब में, कृपया आवेदन शुल्क और सुरक्षा जमा राशि और प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र प्राप्त करें।

1. फर्म का नाम : ______________________________
2. फर्म का पता ______________________________
3. संपर्क नं0 ______________ फैक्स नं0 ______________
4. वेबसाइट ______________ मोबाईल नं0 ______________
5. ई–मेल ______________________________
6. फर्म की स्थापना की तिथि ______________________________
7. प्रोपराइटर / निदेशक का नाम ______________________________
8. निविदाकर्ता को फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स एसोसिएशन इन इंडिया (एफपीबीएआई) / दिल्ली स्टेट बुकसेलर्स एंड पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएसबीपीए) / अन्य राज्य / राष्ट्रीय बुकसेलर्स और पब्लिशर्स एसोसिएशन फेडरेशन का सदस्य होना चाहिए। प्रस्ताव के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जानी चाहिए। ______________________________
9. स्थायी खाता क्रमांक नं0
   (PAN) की प्रति संलग्न करें
10. क्या आपके पास प्रत्यक्ष आयात लाइसेंस है।
    (यदि हाँ, तो कृपया इसकी एक प्रति संलग्न करें)
11. निविदाकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी दस केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय (कोई चिकित्सा / तकनीकी / कृषि / प्रबंधन विश्वविद्यालय / संस्थान नहीं) में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो। इनके आदेश तथा संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण–प्रत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

a)

b)

c)

d)

e)

f)

g)

h)

i)

j)

12. पिछले 3 लगातार वित्तीय वर्षों के लिए फर्म का वार्षिक कारोबार बैलेन्स शीट (प्रमाण संलग्न करें।

(a) 2025-26 :
(b) 2024-25 :
(c) 2023-24 :
कुल :
औसत :

13. क्या आप आयकर दाता हैं ? यदि हैं, तो कृपया पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष (2025–26, 2024–25, 2023–24) का आयकर रिटर्न (ITR) एवं आडिटेड बैलेन्स शीट की छाया प्रति संलग्न करें।

14. निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2025–2026, 2024–25 अथवा 2023–2024 में किसी भी एक वित्तीय वर्ष में केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अंतर्गत कम से कम रु. **25 लाख** मूल्य की मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की आपूर्ति करने का अनुभव रहा हो। उक्त वर्ष के एकल आदेश की प्रति एवं उसके संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें।

15. क्या आप प्रकाशकों के वितरक/डीलर/स्टॉकिएस्ट/एक्सक्लूसिव/पसंदीदा एजेंट हैं? यदि हां, तो कृपया प्रकाशकों द्वारा जारी नवीनतम प्राधिकार पत्र जमा करें।

16. निविदा प्रपत्र का ड्राफ्ट मूल्य रु0 11,000 + जी.एस.टी होगा, जो कि वापसी योग्य नहीं होगा, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट जो वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना होगा।

बैंक का नाम ....................................................................................................

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ..............................................................................................

बैंक ड्राफ्ट दिनांक ..............................................................................................

17. सुरक्षा निधि की राशि का ड्राफ्ट मूल्य रुपये 3,00,000/– (रुपये तीन लाख मात्र) जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट जो वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना है।

बैंक का नाम ................................................................................................

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ................................................................................................

बैंक ड्राफ्ट दिनांक ................................................................................................

18. क्या आपकी फर्म को कभी किसी सरकारी संगठन द्वारा व्यवसाय करने के लिए प्रतिबंधित/ब्लैकलिस्ट किया गया है? यदि नहीं, तो कृपया रुपये 100/– के गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत करें।

19. क्या आपकी फर्म/कंपनी के पास आईएसओ प्रमाणपत्र है? (हां/नहीं) यदि हां, तो प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न करें।

## घोषणा

मैं/हम एतत्द्वारा घोषणा करते हैं कि इस आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियाँ मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। इसके अलावा उपरोक्त नियम एवं शर्तें मुझे/हमें अक्षरशः स्वीकार्य हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

दिनांक:

स्थान :

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश (भारत)
SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh (IND)

## पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं के लिए निर्देश

1. कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले सिद्धार्थ विश्वविद्यालय केन्द्रीय ग्रन्थालय में मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए पैनल में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंड को ध्यान से पढ़ें।

2. इच्छुक पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं/वितरक/विक्रेताओं को बन्द लिफाफे में आवेदन जमा कराना होगा, जिस पर **"मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं के पैनल में शामिल होने हेतु आवेदन"** लिखा होना चाहिए।

3. आवेदन पत्र **"कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर, यू0पी0– 272202"** को संबोधित किया जाएगा।

4. सीलबंद लिफाफा विश्वविद्यालय में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पोस्ट या स्वयं कार्यालय में दिनांक-- 30/09/2026 को सायं 5.00 बजे तक जमा किया जायेगा, निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

5. आवेदन के प्रत्येक पृष्ठ पर एजेंसी/फर्म की आधिकारिक मुहर के साथ अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर।

6. अपूर्ण आवेदन पत्र, या नियत तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम और आपूर्तिकर्ताओं पर बाध्यकारी होगा।

7. किसी भी समय यदि पुस्तक आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत कोई भी दस्तावेज गलत पाया जाता है तो इसे अनुबंध का उल्लंघन माना जाएगा और फर्म पैनलबद्धता को समाप्त करने या सुरक्षा निधि राशि जब्त करने के अलावा कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होगी।

8. मांगे गये प्रपत्र की हार्डकॉपी पात्रता मानदंड के क्रम में ही संलग्न किया जाये।

15/09/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थ नगर।